तेरे फूलों से भी प्यार

तेरे फूलों से भी प्यार,
तेरे काँटों से भी प्यार -2
तू जो भी देना चाहे दे दे,
मेरे करतार।
तेरे फूलों से भी प्यार,
तेरे काँटों से भी प्यार,
तू जो भी देना चाहे दे दे,
मेरे करतार.....

तेरी मर्जी में विधाता,
कोई छुपा बड़ा राज़ -2
दुनियाँ चाहे हमसे रूठे,
तू ना होना बस नाराज़,
तुमको नमन है बारमबार,
हमको कर ले तू स्वीकार,
तू जो भी देना चाहे दे दे,
मेरे करतार।
तेरे फूलों से भी प्यार,
तेरे काँटों से भी प्यार,
तू जो भी देना चाहे दे दे,
मेरे करतार.....

हमको दोनों हैं पसंद,
तेरी धूप और छाँव -2
दाता किसी भी दिशा में ले चल,
जिंदगी की नाँव,
चाहे हमें लगा दे पार,
चाहे डुबो दे मझधार,
तू जो भी देना चाहे दे दे,
मेरे करतार।
तेरे फूलों से भी प्यार,
तेरे काँटों से भी प्यार,
तू जो भी देना चाहे दे दे,
मेरे करतार.....

चाहे सुख दे या दुख,
चाहे ख़ुशी दे या ग़म
मालिक जैसे भी रखोगे,
वैसे रह लेंगें हम -2

चाहे ख़ुशी भरा संसार,
या देदे आंसुओं की धार,
तू जो भी देना चाहे दे दे,
मेरे करतार।
तेरे फूलों से भी प्यार,
तेरे काँटों से भी प्यार,
तू जो भी देना चाहे दे दे,
मेरे करतार.....

स्वर : श्री गौरव कृष्ण गोस्वामी जी महाराज

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22856/title/tere-phoolon-se-bhi-payar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |